# उष्ण कटिबंधीय वन अनुसन्धान संस्थान, जबलपुर में सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह (Oct.-Nov., 2018)

केन्द्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के निदेशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर वाले सप्ताह को सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है शासकीय कार्यों में ईमानदारी और पारदर्शिता लाने के लिए तथा भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता जगाने के लिए उष्ण कटिबंधीय वन अनुसन्धान संस्थान, जबलपुर में सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह "29 अक्टूबर से 2 नवम्बर, 2018" तक मनाया गया सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह में इस वर्ष का विषय था "भ्रष्टाचार मिटाओ, देश बनाओ"

सप्ताह के प्रथम दिवस 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यालय परिसर में, इस संदर्भ में सतर्कता अधिकारी डा. सुमित चक्रवर्ती के द्वारा सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई एवं संस्थान के निदेशक डा. जी. राजेश्वर राव के द्वारा भ्रष्टाचार रोकने और उससे मुकाबला करने के लिए ईमानदारी की शपथ दिलाई गई। टी. एफ. आर. आई. में प्रथम दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री पी. के. पांडेय (आई. पी. एस.) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो प्रमुख शामिल हुए जिन्होंने अपने संबोधन में सभी को सतर्कता जागरुकता के लिए निरन्तर प्रयास जारी रखने और समाज में सतर्कता जागरुकता फैलाने का आह्वान किया तथा सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर जोर दिया ब्यूरो प्रमुख ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं उसमे हुए संशोधन, भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु पारदर्शिता, मांग एवं आपूर्ति के मध्य सम्बन्ध, समाज में शिक्षा की भूमिका एवं नई पीढ़ी का चरित्र निर्माण आदि के बारे में प्रश्न उत्तर के माध्यम से विस्तार से चर्चा की सतर्कता जागरुकता सप्ताह में संस्थान में अन्य कार्यक्रम जेसे निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, कार्टून प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह 2 नवम्बर, 2018 को आयोजित किया गया जिसमे श्री एस. डी. पाटीदार, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रेरणादायक विडिओ एवं पावर पॉइंट के माध्यम से बताया कि भ्रष्टाचार से संघर्ष करने तथा इसका निवारण करने हंतु सभी को सामूहिक रूप से आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए तथा भ्रष्टाचार से उत्पन्न खतरों तथा इसके अस्तित्व, तथा इसकी गम्भीरता के संबंध में जन जागरूकता बढ़ाई जाए संस्थान के सतर्कता अधिकारी व निदेशक ने इस अवसर पर सभी से सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण हेतु, भ्रष्टाचार से अधिक प्रभावी और सही तरीके से लड़ने के लिए जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया है। समापन के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओ को; निबंध प्रतियोगिता में डा मंसूर अहमद, श्रीमती नीलू उदयकर, श्रीमती निकिता राय, स्लोगन प्रतियोगिता में श्री अल्फ्रेड फ्रांसिस, श्री त्रिलोक गुप्ता, श्री गणेश पवार, कार्टून प्रतियोगिता में श्री रामू नाइक को पुरस्कृत किया गया। संस्थान में उत्कृष्ठ कार्य हेतु श्री चतुर्भुज बेहरा एवं श्रीमती नीलू उदयकर को, प्रशासनिक वर्ग में श्रीमती मंजू गुप्ता, तकनीकि वर्ग में श्री त्रिलोक गुप्ता, एम. टी. एस. वर्ग में श्री शंकरलाल पटले को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. पी. बी. मेश्राम, डा. आर. के. वर्मा. डा. अविनाश जैन, डा. एम. कुण्डू, डा. एन. बैरी, डा. एन. मोहम्मद, श्री धीरज गुप्ता, डा. गीता जोशी, डा. अरुण कुमार आदि के साथ संस्थान के अन्य सभी अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे


सतर्कता जागरूकता सप्ताह






" सतर्कता जागरूकता सप्ताह "






















" सतर्कता जागरूकता सप्ताह "
29th अक्टूबर 2018 से 2nd नवम्बर 2018
उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान
(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद)
डाकघर - आर.एफ.आर.सी., मण्डला रोड, जबलपुर - 482021










